स्टेट इनिशिएटिव फॉर क्वालिटि एज्यूकेशन
आदर्श विद्यालय योजना

राजस्थान

DRAFT

बुनियादी अवधारणाओं एवं
दक्षताओं पर आधारित

विशेष अधिगम समर्थन संदर्शिका

2016-17

विषय : गणित

प्राथमिक स्तर

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्
माध्यमिक शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार
बोध शिक्षा समिति एवं यूनिसेफ द्वारा विकसित

सहयोगी संस्थाएँ

निदेशालय-राजस्थान

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्

एस.आई.ई.आर.टी., उदयपुर

बोध शिक्षा समिति

यूनिसेफ, जयपुर

विशेष अधिगम समर्थन

कार्यक्रम/सामग्री/पैकेज के बारे में आवश्यक निर्देश

शिक्षक साथियो, बच्चों के लिए निर्मित की गई विशेष अधिगम समर्थन सामग्री को काम में लेने हेतु निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखना आवश्यक होगा –

- पैकेज में मुख्य रूप से चार प्रकार की सामग्री को तैयार किया गया है।
- पैकेज में निर्मित दो तरह की सामग्री जिसमें आकलन पत्रक (लर्निंग लेवल आकलन पत्रक व लर्निंग आउटकम आकलन पत्रक) एवं सीखने–सिखाने की गतिविधियों को संदर्शिका में शामिल किया गया है।
- दूसरी दो तरह की सामग्री को विशेष अधिगम समर्थन सामग्री में रखा गया है। जिसको बच्चों के लिए सीखने–सिखाने की गतिविधियों पर अभ्यास हेतु अभ्यास पत्रक तथा रचनात्मक आकलन हेतु कार्यपत्रक के रूप में दिया गया है।
- संदर्शिका में दिया गया लैडर चार्ट बच्चों के साथ काम करने का प्रारूप देता है। जिसके अनुसार बच्चों के काम की योजना का निर्धारण करने में मदद मिलेगी। इसे नीचे दिए गए चार्ट द्वारा भी समझ सकते हैं।



- सर्वप्रथम 'लर्निंग लेवल आकलन पत्रक' द्वारा बच्चों का स्तर निर्धारण करना है।
- स्तर–निर्धारण पश्चात् के बच्चों के साथ सीखने की शुरूआत गतिविधि द्वारा विषय के अनुसार अवधारणा की स्पष्टता के साथ करना है।
- इस पुस्तिका में मुख्यरूप से कार्ययोजना/गतिविधि तथा अभ्यास पत्रक व रचनात्मक आकलन पत्रक दिए गए हैं।
- गतिविधि द्वारा सिखाई गई अवधारणा पर अभ्यास हेतु अभ्यास पत्रक पर काम किया जाना आवश्यक है। अभ्यास पत्रक उपसमूह व व्यक्तिगत दोनों तरह से काम में लिए जा सकते हैं।
- अभ्यास पत्रकों पर अभ्यास करवाने के उपरान्त सतत आकलन हेतु रचनात्मक आकलन कार्यपत्रक का इस्तेमाल किया जाना है। सतत रचनात्मक आकलन पत्रक अवधारणा/सोपान/लैडर या दो–तीन छोटी–छोटी उपअवधारणाओं/सोपान/लैडर के लिए समेकित रूप से दिया गया है।
- आकलन पर रही स्थिति के अनुसार शिक्षक को अपनी योजना को संगठित करना है। जिन बच्चों के लिए ये अभ्यास पर्याप्त नहीं हो पाते है, उन बच्चों को इन कार्यपत्रकों के पीछे या नोटबुक में अतिरिक्त अभ्यास कराना उचित रहेगा।
- महीने के अन्त में या कक्षा के सम्पूर्ण कार्य के पश्चात् 'लर्निंग आउटकम आकलन पत्रक' द्वारा योगात्मक आकलन किया जाना है।
- इसके उपरान्त ही बच्चे का स्तर क्रमोन्नत करने का निर्णय लिया जाएगा।
- बच्चों का रचनात्मक आकलन दर्ज करने के लिए विषय के अनुसार आकलन सूचकों की सतत रचनात्मक आकलन चैकलिस्ट/आकलन प्रपत्रों में शिक्षक टिप्पणी के लिए स्थान दिया गया है। अतः इसे वहीं पर उसमें दर्ज़ किया जाना है।
- विषय के अनुसार सतत रचनात्मक आकलन चैकलिस्ट में A, B, C ग्रेड ही दी जानी हैं। जिनका अर्थ निम्न प्रकार है –

  A - स्वतंत्र रूप से कर पाना।

  B - शिक्षक व साथियों से मदद लेना।

  C - विशेष मदद से काम कर पाना।
- एक कक्षा की सामग्री लगभग एक माह की है। अतः एक माह बाद बच्चों का योगात्मक आकलन दर्ज किया जाएगा। जिसका प्रपत्र भी विशेष अधिगम समर्थन संदर्शिका में लगाया गया है। इस प्रपत्र में भी A, B, C ग्रेड देनी है। यहाँ पर इनका अर्थ रचनात्मक आकलन की ग्रेड से अलग होगा –

  A - अपेक्षित स्तर की समझ होना।

  B - मध्यम स्तर की समझ होना।

  C - आरम्भिक स्तर की समझ होना।

सीखने–सिखाने का आकलन

1

प्रस्तावना : सामान्यतः प्राथमिक कक्षाओं में अध्ययनरत बच्चों के स्तरों का का विश्लेषण करके देखते हैं तो बच्चों की सीखने की स्थिति काफी चिंतनीय है। इसके पीछे अनेक कारण हो सकते हैं। बच्चे कक्षा दर कक्षा क्रमोन्नत हो जाते हैं, लेकिन उनके अधिगम स्तर में अपेक्षाकृत वृद्धि नहीं हो पाती है। बच्चों की आयु एवं अनुभव के अनुसार उनके सीखने की गति में भी इज़ाफा होता है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि इन बच्चों के अधिगम अंतरालों को भरने के लिए शिक्षण एवं आकलन की उचित एवं उपयुक्त शिक्षण सामग्री एवं टूल्स का निर्धारण किया जाए। अतः इन बच्चों के साथ बुनियादी अवधारणाओं एवं कौशलों के क्षेत्र में कुछ प्रतिनिधि अभ्यास कार्य करवाकर कक्षा स्तर पर लाया जा सकता है। इस तरह के प्रयास में समय और श्रम भी अधिक नहीं लगता तथा बच्चे अपने सम्मान को बनाए रखते हुए अपनी कक्षा के स्तर पर पहुँच जाते हैं।

अब यहाँ अगला सवाल यह उठता है कि बच्चों के अधिगम स्तरों के अंतरालों का पता किस तरह लगाया जा सकता है। यह पता लगाने की क्या प्रक्रिया हो सकती है। इसके लिए नीचे दी गई कुछ बातों को समझना जरूरी होगा।

आकलन एवं मूल्यांकन क्यों किया जाना चाहिए ?

आकलन एवं मूल्यांकन सीखने–सिखाने की प्रक्रिया का वह अभिनन अंग है, जिसके बिना सीखना–सिखाना सुचारु रूप से किया नहीं जा सकता। उदाहरण के लिए यदि हमको बच्चों का वास्तविक अधिगम स्तर पता नहीं है तो हम बच्चों के लिए काम की उपयुक्त योजना नहीं बना सकते। इसका सीधा–सीधा अर्थ यह हुआ कि हम आकलन किए बिना बच्चों का सीखना सुनिश्चित कर नहीं पाएँगे। इसीलिए आकलन को सीखने–सिखाने की प्रक्रिया में अंतर्गुथित माना गया है। शिक्षक के अलावा बच्चों के अभिभावक और स्वयं बच्चे भी अधिगम स्थिति को जानकर उपयुक्त निर्णय लेने की स्थिति में हो सकते हैं, यदि उनको ऐसा करने का मौका दिया जाता है तो–इसका मतलब सीधा–सीधा यह हुआ कि प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सीखने–सिखाने की प्रक्रिया के चार मुख्य साझीदार होते हैं; जिनमें पहला साझीदार स्वयं बच्चा, दूसरा साझीदार बच्चे के साथी, तीसरा साझीदार अभिभावक एवं चौथा साझीदार शिक्षक होता है। ये चारों साझीदार अपने–अपने तरीके से सीखने–सिखाने में साझेदारी निभाते हैं। साझेदारी निभाने के लिए समय–समय पर आकलन भी करते रहते हैं। इसलिए इस महत्वपूर्ण गतिविधि को समझना और संचालित करना उपयुक्त रहेगा।

आकलन एवं मूल्यांकन का आधार क्या–क्या होना चाहिए ?

शिक्षक साथियों को सबसे पहले यह निर्धारण कर लेना चाहिए कि बच्चों के लिए अमुक कक्षा को पार कर लेने का अर्थ क्या है? अर्थात अमुक कक्षा के वे कौनसे आधारभूत काम हैं जिनको कम से कम कर लेने पर बच्चों को उस कक्षा को पार किया हुआ माना जाएगा। यही आधारभूत काम बच्चों के स्तर निर्धारण का आधार होता है। इन्हीं का आकलन एवं मूल्यांकन किया जाना उपयुक्त रहेगा। ये आधार निम्नलिखित हैं –

अवधारणा क्षेत्र :

- आकृति एवं स्थान की समझ

गणितीय कौशल क्षेत्र :

- पैटर्न की समझ

- संख्या ज्ञान की समझ
- समस्या समाधान की समझ
- संक्रियाओं की समझ
- दैनिक जीवन में उपयोग की समझ

आकलन एवं मूल्यांकन के ये ही आधार क्यों होने चाहिए ?

सामान्यतः प्राथमिक स्तर पर मूलभूत अवधारणाओं के ये तीन ही क्षेत्र हैं, जिनमें बच्चों को कुछ शुरुआती अवधारणाओं को सीखने का अवसर मिलता है। इन तीन क्षेत्रों (आकृति एवं स्थान, संख्या ज्ञान व संक्रियाओं की समझ) में सीखी हुई आधारभूत अवधारणाओं को अनुप्रयोग पैटर्न, समस्या समाधान एवं दैनिक जीवन में अनुप्रयोग आदि क्षमताओं के विकास हेतु मापन इकाई एवं आंकड़ों के प्रबंधन के रूप में किया जाता है। इसका तात्पर्य सीधा–सीधा यह हुआ कि बच्चों के साथ प्राथमिक स्तर पर दिए गए तीन अवधारणा क्षेत्रों पर काम करवाकर उपरोक्त तीन गणितीय कौशलों का विकास करना ही मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। क्योंकि प्राथमिक स्तर के पाठ्यक्रम में बच्चों से यही अपेक्षा की गई है।

बच्चों के अपने कक्षा स्तर पर नहीं होने के पीछे मुख्य अकादमिक कारण एवं सुझाव क्या हो सकते हैं :

सामान्यतया बच्चे जो अपनी कक्षा के स्तर पर नहीं होते हैं, उसके मुख्य कारण निम्नलिखित हो सकते हैं –

- बच्चों का नियमित विद्यालय नहीं आना।
- विद्यालय में बालकेन्द्रित गतिविधियों का अभाव होना।
- सतत् एवं व्यापक आकलन को शिक्षण में समाहित नहीं करना।
- किसी कक्षा को पार करने से पूर्व उस स्तर की बुनियादी क्षमताओं पर बच्चों के उपलब्धि स्तर को सुनिश्चित नहीं करना।
- विषय की शिक्षण अप्रोच के अनुरूप शिक्षण कार्य को कक्षा कक्ष में संगठित नहीं किया जाना आदि।

उपर्युक्त कारणों की वजह से उत्पन्न समस्या के समाधान के लिए नीचे दिये हुये निम्नलिखित प्रयास किये जा सकते हैं।

किसी भी कक्षा में कुछ बच्चे ऐसे होते हैं, जो नियमित विद्यालय आते हैं फिर भी उनका सीखना पर्याप्त नहीं हो पाता। ऐसी स्थिति में इन बच्चों के साथ तीन तरह के कार्य किए जा सकते हैं; जिनमें एक अवधारणा बनाने का काम, दूसरा अवधारणा की पुख्ता समझ हेतु अभ्यास का काम एवं तीसरा सीखे हुए के आकलन का काम। इन तीन चरणों पर जब पर्याप्त काम करवा दिया जाता है तो बच्चों की समझ की स्थितियाँ बेहतर बन पाती हैं।

बच्चों को अपने कक्षा स्तर पर लाने के लिए अतिरिक्त संबलन की त्रिस्तरीय योजना :

प्रथम स्तर : इस योजना के अंतर्गत प्रथम स्तर पर बच्चों के साथ काम की योजना बनाई जाती है, जिसके तहत सीखने की उपयुक्त गतिविधियों का निर्धारण किया जाता है। यह गतिविधियाँ बालकेन्द्रित होती हैं तथा इस विचार पर आधारित होती हैं कि, इन गतिविधियों में सभी बच्चे भागीदारी निभाते हैं तथा सभी एक दूसरे की मदद से सीखते हैं।

द्वितीय स्तर : बच्चों के लिए पर्याप्त अभ्यास हेतु कार्य पत्रकों की एक श्रृंखला तैयार की जाती है, जिससे बच्चे को अभ्यास करने का पूरा मौका मिलता है तथा बच्चे अवधारणाओं की पुख्ता समझ बना पाते हैं। ये अभ्यास विविध प्रकार के होते हैं। ये वह चुनिन्दा अभ्यास होते हैं जो बच्चे सीखने में आ रही बाधा को हटाने में मदद करते हैं।

तृतीय स्तर : यह स्तर सीखे हुए के आकलन के लिए होता है ताकि इसके द्वारा यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चों को जो सिखाया गया था, वह सीख लिया गया है।

बुनियादी क्षमताओं के सापेक्ष सीखने–सिखाने एवम आकलन की प्रक्रिया के कक्षावार चरण

2

प्रस्तावना :

बच्चों की समझ के व्यवहारिक अनुभवों का विश्लेषण करके समझें तो हम पाएंगे कि बच्चे सामान्यतः कुछ आधारभूत या बुनियादी अवधारणाओं व कौशलों में अपनी कक्षा के स्तर से नीचे होते हैं। उदाहरण के लिए बच्चा कक्षा–4 में परिमाप व क्षेत्रफल पर आधारित काम मानक प्रचलित कलन विधि से नहीं कर पाते हैं तो इसका मुख्य कारण बुनियादी अवधारणाओं संख्या एवं संक्रियाओं पर समझ का नहीं होना है। इसी तरह उच्च प्राथमिक कक्षाओं में बच्चा जब व्यावसायिक गणित (प्रतिशत, लाभ–हानि, अनुपात व सरल ब्याज आदि) पर आधारित समस्याएं मानक प्रचलित कलन विधि से हल नहीं कर पाते हैं तो इसका कारण भी बुनियादी अवधारणाओं एवं कौशलों में समझ का नहीं होना है।

ऐसे अनुभवों को आधार मानकर यह निर्धारित किया गया है कि, बच्चों को अपनी स्वाभाविक कक्षा के स्तर पर लाने के लिए यदि उनके साथ इन बुनियादी अवधारणाओं एवं कौशलों पर काम करवाया जाए तो, बच्चे जल्दी अपनी कक्षा के स्तर पर आ सकेंगे। यदि उनके साथ पूर्व की कक्षाओं के सम्पूर्ण पाठ्यक्रम पर काम करवाया जाएगा तो, बच्चों को अपनी कक्षा के स्तर पर आने में अधिक समय लगेगा। जबकि उसमें से काफी चीज़ों को बच्चा पहले से ही सीख चुका होता है, उन पर पुनः कार्य करने में भी बच्चों को अरुचि होगी। इसलिए बुनियादी अवधारणाओं एवं कौशलों को ही अधिगम अन्तरालों को भरने का आधार बनाना उपयुक्त रहेगा। आइए नीचे कक्षावार इस सम्पूर्ण प्रक्रिया को समझते हैं –

कक्षा–1 की बुनियादी क्षमताओं पर आधारित

1. अधिगम उद्देश्य

- त्रिआयामी व द्विआयामी आकृतियों की पहचान तथा संख्या व आकृतियों के समावेश को समझ सकें।
- 1 से 50 तक संख्याओं को गिनने, पढ़ने,लिखने एवं तुलना करने की समझ बना सकें।
- दो अंक की संख्या में एक अंक की संख्या के बिना हासिल के जोड़–घटाव की समझ बना सकें।
- इकाई में इकाई के जोड़–घटाव की ड्रिल्स, विविध भौतिक राशियों पर आधारित समस्याएँ हल कर सकें।
- चित्रों एवं आकृतियों के तार्किक पैटर्न समझकर आगे बढ़ा सकें।
- क्रम को पहचानते हुए दिनचर्या की घटनाओं एवं गिनती को क्रम से जमा सकें।

2. सीखने–सिखाने के क्रमिक चरण

चरण – 1

- समान आकृतियों का मिलान एवं वर्गीकरण करना।
- 1 से 20 तक संख्यांक पहचानना, लिखना एवं तुलना करने की समझ बनाना।
- जोड़–घटाव की अवधारणा की समझ बनाना। (ठोस व चित्रों की मदद से)

- इकाई में इकाई का जोड़ एवं घटाना आड़े एवं खड़े प्रारूप में करना।
- दहाई की अवधारणा एवं बण्डल व खुल्लों की मदद से संख्या निरूपण करना।

चरण – 2

- 1 से 50 तक लिखी गई संख्या पढ़ पाना, बोली गई संख्या लिखना, विस्तार, विस्तारित रूप, आरोही–अवरोही क्रम एवं तुलना करना।
- अंक व संख्यांकों से बने पैटर्न खोजकर आगे बढ़ाना।
- दो संख्याओं का बिना हासिल का जोड़–घटाव ठोस, चित्र व प्रतीकों की मदद से आड़े व खड़े प्रारूप में करना।
- इकाई में इकाई के जोड़–घटाव की ड्रिल करना।
- इकाई में इकाई के जोड़ पर आधारित दैनिक जीवन की समस्याएँ मौखिक हल करना।

3. आकलन के सूचक

- त्रिआयामी व द्विआयामी आकृतियों का वर्गीकरण कर पाना।
- 1 से 50 तक संख्या नाम सुनकर व पढ़कर चीजों व चित्रों की मात्रा गिनकर बता पाना।
- 1 से 50 तक संख्या नाम सुनकर व चीजों व चित्रों को गिनकर संख्या लिख पाना।
- इकाई में इकाई का जोड़ना–घटाना मौखिक व लिखित हल कर पाना।
- इकाई में इकाई के जोड़ जोड़–घटा पर आधारित ड्रिल हल कर पाना।
- दैनिक जीवन में सीखे हुए का अनुप्रयोग कर पाना।

कक्षा–2 की बुनियादी क्षमताओं पर आधारित

1. अधिगम उद्देश्य

- त्रिआयामी व द्विआयामी आकृतियों के बीच अंतर्संबंध को समझ सकें।
- 1 से 100 तक संख्याओं की समझ जिसमें संख्याओं को गिनने, पढ़ने, लिखने एवं तुलना करने की समझ बना सकें।
- दहाई में दहाई का हासिल का जोड़–घटाव एवं संख्या रेखा की आरम्भिक समझ बना सकें।
- चित्रों व संख्यांकों के अपेक्षाकृत जटिल पैटर्न खोज कर आगे बढ़ा सकें।
- संख्या व संक्रियाओं पर आधारित समस्याओं का समाधान कर सकें।
- दैनिक जीवन की संख्या एवं जोड़–घटाव पर आधारित समस्याएँ हल कर सकें।

2. सीखने–सिखाने के क्रमिक चरण

चरण – 1

- त्रिआयामी एवं द्विआयामी आकृतियों को पहचानना एवं चीजों को ट्रेस करना।
- बण्डल व खुल्लों की मदद से संख्या निरूपण करना तथा बण्डल व खुल्ले को क्रमश दहाई व इकाई के रूप में समझते हुए संख्याओं को विस्तारित रूप में लिखना।
- दहाई व इकाई की शब्दावली को काम में लेते हुए दस–दस के दस बण्डल होने की स्थिति में सौ की समझ बनाना।
- चित्र संकेतीकरण एवं संख्या रेखा पर संख्याओं का निरूपण करना।
- दो–दो, तीन–तीन,.....के समूह में चीजों को गिनना।

चरण – 2

- संख्या रेखा पर बिना हासिल का जोड़–घटाव करना।
- दो अंकों वाली दो संख्याओं के हासिल वाले जोड़–घटाव प्रतीकों की मदद से करना।
- हासिल के जोड़ने–घटाने पर आधारित दैनिक जीवन की समस्याएँ हल करना।
- बिना हासिल के जोड़ने–घटाने पर आधारित ड्रिल्स हल करना।
- चित्रों व संख्यांकों के अपेक्षाकृत जटिल पैटर्न खोज कर आगे बढ़ा सकें।

3. आकलन के सूचक

- चीजों से द्विआयामी आकृति ट्रेस करना तथा त्रिआयामी व द्विआयामी आकृतियों को पहचान पाना।
- 1 से 100 तक संख्या नाम सुनकर व पढ़कर चीजों व चित्रों की मात्रा गिनकर बता पाना।
- 1 से 100 तक संख्या नाम सुनकर व चीजों व चित्रों को गिनकर इकाई व दहाई की मदद से संख्या लिख पाना।
- दहाई में दहाई का हासिल का जोड़ना–घटाना मौखिक व लिखित रूप से आंकिक सवालों के लिए हल कर पाना।
- दैनिक जीवन की संख्या एवं जोड़–घटाव पर आधारित समस्याएँ हल कर पाना।
- जोड़–घटाव पर आधारित ड्रिल्स हल कर पाना।
- चित्रों एवं संख्याओं के अपेक्षाकृत जटिल पैटर्न खोजकर आगे बढ़ा पाना।

कक्षा–3 की बुनियादी क्षमताओं पर आधारित

1. अधिगम उद्देश्य

- कार, मोटर, पानी की टंकी आदि अपेक्षाकृत बड़ी चीज़ों को विविध दिशाओं से विजुअलाइज़ कर सकें।
- इकाई, दहाई व सैंकड़े के अंतर्संबंध को समझ सकें तथा 999 तक की संख्याओं को पढ़ने, निरूपित करने एवं तुलना करने की समझ बना सकें।
- दो व तीन अंकों की संख्याओं का हासिल का जोड़–घटाव की समझ बना सकें तथा हासिल के जोड़–घटाव की ड्रिल्स हल कर सकें।
- गुणा की समझ बना सकें तथा 2 से 10 तक पहाड़े लिख व सुना सकें।
- जोड़, बाकी एवं गुणा की दैनिक जीवन की समस्याएँ हल कर सकें एवं बना सकें।
- संख्या एवं संक्रियाओं के विविध प्रकार के पैटर्न खोजकर आगे बढ़ा सकें।

2. सीखने–सिखाने के क्रमिक चरण

चरण – 1

- अपेक्षाकृत बड़ी चीज़ों को अलग–अलग दिशाओं से देखने पर कैसी दिखेंगी? इसे विजुअलाइज़ करना।
- विविध प्रकार के पैटर्न पर आधारित रंगोली एवं डिज़ाइन बनाना।
- इकाई, दहाई व सैंकडे के अंक दिए होने पर एवं रंग व चित्र संकेतीकरण से संख्या निरूपण करना।
- तीन अंक दिए होने पर सर्व–सम्भव संख्या बनाकर उन्हें क्रम में लिखना।
- तीन अंकों की दो संख्याओं के हासिल वाले जोड़–घटाव ठोस, चित्र व प्रतीकों की मदद से करना।
- संख्या रेखा पर दो और तीन अंकों वाली संख्याओं के हासिल वाले जोड़–घटाव करना।

चरण – 2

- संख्याओं का वर्गीकरण सम–विषम के रूप में करना।
- जोड़–घटाव पर आधारित ड्रिल्स हल करना।
- गुणा की अवधारणा एवं 2 से 10 तक पहाड़े लिखना–सुनाना।
- दहाई में इकाई का बिना हासिल वाला गुणा हल करना।
- जोड़–घटाव एवं गुणा पर आधारित दैनिक जीवन की समस्याएँ हल करना एवं बनाना।
- संख्या एवं संक्रियाओं के पैटर्न हल करना।

3. आकलन के सूचक

- कार, मोटर व पानी की टंकी जैसी चीज़ों को सामने से, साइड से एवं ऊपर से देखने पर कैसी दिखेंगी इसे विजुअलाइज़ कर पाना।
- स्थानीयमान की समझ के आधार पर तीन अंकों की संख्याओं का निरूपण, तुलना एवं अनुमान लगा पाना।
- तीन अंकों की संख्याओं का हासिल का जोड़–घटाव प्रतीकों से कर पाना।
- दहाई में इकाई के गुणा की प्रतीकों से समझ बना पाना।
- जोड़–घटाव व गुणा पर आधारित दैनिक जीवन की समस्याएँ हल कर पाना एवं बना पाना।
- 2 से 10 तक पहाड़े सुना पाना एवं लिख पाना।
- संख्या एवं संक्रियाओं पर आधारित पैटर्न खोजकर आगे बढ़ा पाना।

कक्षा–4 की बुनियादी क्षमताओं पर आधारित

1. अधिगम उद्देश्य

- अपेक्षाकृत छोटी आकृतियों को अलग–अलग दिशाओं से विजुअलाइज करने की समझ बना सकें।
- सममिति एवं स्थानिकता की आधारभूत समझ बनाते हुए इनका अनुप्रयोग कर सकें।
- भिन्न की अवधारणात्मक समझ एवं संख्या रेखा पर निरूपित कर सकें।
- 2 से 15 तक पहाड़े लिख एवं सुना सकें तथा गुणा पर आधारित ड्रिल्स हल कर सकें।
- दहाई में दहाई के गुणा एवं जोड़–घटाव पर आधारित दैनिक जीवन की समस्याएँ हल कर पाना।
- चार अंकों की संख्याओं को पढ़ने, निरूपित करने, तुलना करने एवं विस्तारितरूप में लिखने की समझ बना सकें।
- भाग की अवधारणा एवं दहाई में इकाई के भाग की समझ बना सकें।
- संख्या एवं संक्रियाओं के विविध प्रकार के पैटर्न को आगे बढ़ा सकें।

2. सीखने–सिखाने के क्रमिक चरण

चरण – 1

- अपेक्षाकृत छोटी आकृतियों को जैसे–मग, नल की टोंटी, पेन्सिल आदि चीजों को अलग–अलग दिशाओं से विजुअलाइज़ करना।
- नज़री नक्शा पढ़ पाना तथा स्कूल व घर का नज़री नक्शा बनाना।
- सममित आकृतियों की समझ पर आधारित पैटर्न एवं रंगोली बनाना।
- तीन या चार अंक दिए होने पर तीन या चार अंकों की सर्व–सम्भव संख्या बनाना एवं उनको बढ़ते–घटते क्रम में लिखना।

- जोड़–घटाव पर आधारित पैटर्न खोजना एवं उन्हें आगे बढाना।
- 2 से 15 तक पहाड़े लिखना–सुनाना तथा दहाई में दहाई का गुणा कलन एवं बंटन विधि से करना।

चरण – 2

- दो एवं तीन अंकों की संख्या में एक अंक की संख्या का भाग करना।
- भिन्न की अवधारणात्मक समझ बनाना, संख्या रेखा पर निरूपित करना एवं भिन्नों की तुलना करना।
- विविध भौतिक राशियों (यथा : मुद्रा, भार, दूरी, आयतन, धारिता, समय, परिमाप, क्षेत्रफल एवं मुद्रा) पर आधारित चारों संक्रियाओं की समस्याएँ हल करना।
- रंग व चित्र संकेतीकरण से तीन अंकों की संख्याओं के लिए चारों संक्रियाएँ हल करना।
- चारों संक्रियाओं पर आधारित ड्रिल्स हल करना।
- आकड़ों को संकलित करने, निरूपित करने, विश्लेषण करने एवं उनका निष्कर्ष निकालकर उनकी व्याख्या करने की समझ बनाना।

3. आकलन के सूचक

- अपेक्षाकृत छोटी चीज़ों को सामने से, साइड से एवं ऊपर से विजुअलाइज़ कर पाना।
- नज़री नक्शा पढ़ने एवं बनाने की समझ बना पाना।
- दिए गए अंकों से सर्व–सम्भव संख्या बना पाना एवं संख्याओं के अनुप्रयोग की समझ बना पाना।
- 2 से 15 तक पहाड़े लिख व सुना पाना।
- भिन्नों की समझ का उपयोग कर पाना।
- चारों संक्रियाओं की इबारत पढ़ व सुन कर गणितीय रूप में लिख कर हल कर पाना।

आकलन टूल की संरचना (ब्लूप्रिंट) एवं ग्रेड निर्धारण की आरंभिक प्रक्रिया

3

प्रस्तावना :

कक्षावार आकलन के टूल एवं उसके प्रश्नों के आने वाले सम्भावित उत्तरों के आधार पर बच्चों की स्थिति को समझने का काम इस लिहाज से अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है कि बच्चों को किस जगह पर क्या सहयोग करने की आवश्यकता होगी। आगामी पृष्ठों पर दिए गए विश्लेषण के आधार पर इसे समझना आसान होगा।

- कक्षा–2 से 5 तक पढ़ रहे बच्चों के लिए निर्मित प्रत्येक लर्निंग लेवल टूल में कुल 12 सवाल लिखित व 5 सवाल मौखिक में रखे गए हैं।
- लिखित में रखे गए 12 सवाल 6 आकलन क्षेत्रों के हैं। जिनमें प्रत्येक आकलन क्षेत्र में 2–2 सवाल दिए गए हैं।
- आकलन के लिए तय किए गए 6 क्षेत्रों में से 3 आकलन क्षेत्र बुनियादी अवधारणाओं पर आधारित तथा 3 क्षेत्र बुनियादी कौशलों पर आधारित हैं।
- प्रत्येक आकलन क्षेत्र का पहला सवाल बुनियादी स्तर एवं दूसरा सवाल अग्रिम स्तर का है, सवालों को जटिलता के बढ़ते क्रम में संयोजित किया गया है।
- टूल का निर्माण कक्षावार किया गया है। अतः इस टूल के द्वारा बच्चों की कक्षा स्तर पर होने एवं नहीं होने की स्थिति का पता लगाया जा सकेगा।
- प्रत्येक टूल में आरंभिक एवं उच्चस्तर के सवाल रखे गए हैं। टूल निर्माण में इस शिक्षाशास्त्र का भी ध्यान रखा गया है कि निर्देश बच्चों की उम्र के अनुसार हों।
- संतुलित टूल बनाने का प्रयास रहा है, जिसमें परम्परागत एवं अवधारणात्मक समझ आधारित दोनों तरह के सवाल रखे गए हैं।
- बच्चों के उत्तरों का विश्लेषण करने हेतु व्याख्या को तीन स्तरों पर देखा गया है। जिसमें पहला स्तर समस्या पहचान (तथ्यात्मक ज्ञान), दूसरा स्तर अवधारणा की समझ (अवधारणात्मक समझ) एवं तीसरा स्तर समस्या समाधान/अवधारणा अनुप्रयोग (प्रक्रियात्मक समझ) के सापेक्ष किया गया है।
- प्रत्येक टूल के अंत में एक सारणी दी गई है। इस सारणी में उपरोक्त तीनों आधारों के सापेक्ष विश्लेषण को करना है। प्रत्येक सवाल के विश्लेषण में इन तीनों आधारों को लेकर ग्रेड का निर्धारण किया गया है।
- कोई बच्चा तीनों स्तर की समझ रखता है, उसे A ग्रेड दी जाएगी तथा जो बच्चा दो स्तर की समझ रखता है, उसे B ग्रेड दी जाएगी एवं जो बच्चा एक स्तर की समझ रखता है, उसे C ग्रेड दी जायेगी। तीनों स्तर की समझ नहीं होने की स्थिति में और सवाल को हल नहीं करने की स्थिति में NA लिखा जायेगा।
- सवालों में A आने की स्थिति में यह माना जाएगा कि बच्चे की समझ एवं विविध सन्दर्भों में अनुप्रयोग करने की स्थिति अच्छी है। इसे आगामी कक्षा स्तर पर देखा जाए।
- सवालों में B आए तो बच्चे के साथ आगामी कक्षा के स्तर पर ही इन अवधारणाओं एवं दक्षताओं पर पुनः अभ्यास कराने की आवश्यकता है।
- सवालों में C या NA ग्रेड आए तो बच्चे के साथ आगामी कक्षा के स्तर पर जाने से पहले इन अवधारणाओं एवं कौशलों पर काम कराया जाएगा।
- लिखित आकलन प्रपत्र के किसी भी प्रश्न के उत्तर के संदर्भ में 3 स्तर पर विश्लेषण करने की आवश्यकता होगी। यदि अवधारणा की समझ, समस्या की पहचान एवं हल करने की प्रक्रिया सही–सही हैं तो उनके खाने में का ✓ चिह्न लगाया जाएगा तथा उस प्रश्न में ग्रेड A दिया जायेगा। यदि दो स्तर में सही का चिह्न हैं तो B एवं एक में सही का चिह्न होने पर C दिया जायेगा तथा इसके आधार पर ही शिक्षक टिप्पणी लिखी जायेगी।

बुनियादी क्षमताओं पर आधारित ब्लूप्रिंट

कक्षा–1	अधिगम उद्देश्यों के सापेक्ष आकलन के सूचक	प्रश्नों का स्तर	
		आरम्भिक स्तर	अग्रिम स्तर
त्रिआयामी व द्विआयामी आकृतियों का वर्गीकरण कर पाना।		1	2
1 से 50 तक संख्या नाम सुनकर व पढ़कर चीजों व चित्रों की मात्रा गिनकर बता पाना।		3	4
इकाई में इकाई का जोड़ना–घटाना मौखिक व लिखित हल कर पाना।		5	6
चित्र एवं आकृतियों के पैटर्न समझकर क्रम से आगे बढ़ाना।		7	8
इकाई में इकाई के जोड़–घटा पर आधारित ड्रिल हल कर पाना।		9	10
दैनिक जीवन में सीखे हुए का अनुप्रयोग कर पाना।		11	12

कक्षा–2	अधिगम उद्देश्यों के सापेक्ष आकलन के सूचक	प्रश्नों का स्तर	
		आरम्भिक स्तर	अग्रिम स्तर
त्रिआयामी से द्विआयामी आकृतियों को ट्रेस करना एवं उनको पहचान पाना।		1	2
1 से 100 तक संख्या नाम सुनकर व पढ़कर चीजों व चित्रों की मात्रा गिनकर बता पाना एवं इकाई व दहाई की मदद से संख्या लिख पाना।		3	4
चित्रों एवं संख्याओं के अपेक्षाकृत जटिल पैटर्न खोजकर आगे बढ़ा पाना।		5	6
दहाई में दहाई का हासिल का जोड़ना–घटाना मौखिक व लिखित रूप से आंकिक सवालों के लिए हल कर पाना।		7	8
जोड़–घटाव पर आधारित ड्रिल्स हल कर पाना।		9	10
दैनिक जीवन की संख्या एवं जोड़–घटाव पर आधारित समस्याएँ हल कर पाना।		11	12

कक्षा–3	अधिगम उद्देश्यों के सापेक्ष आकलन के सूचक	प्रश्नों का स्तर	
		आरम्भिक स्तर	अग्रिम स्तर
कार, मोटर व पानी की टंकी जैसी चीज़ों को सामने से, साइड से एवं ऊपर से देखने पर कैसी दिखेगी इसे विजुअलाइज़ कर पाना।		1	2
स्थानीयमान की समझ के आधार पर तीन अंकों की संख्याओं का निरूपण, तुलना एवं अनुमान लगा पाना।		3	4
संख्या एवं संक्रियाओं पर आधारित पैटर्न खोजकर आगे बढ़ा पाना।		5	6
तीन अंकों की संख्याओं का हासिल का जोड़–घटाव एवं गुणा प्रतीकों से कर पाना।		7	8
तीनों संक्रियाओं पर आधारित ड्रिल समझ कर हल कर पाना।		9	10
तीनों संक्रियाओं पर आधारित दैनिक जीवन की समस्याओं को बना एवं हल कर पाना।		11	12

कक्षा–4	अधिगम उद्देश्यों के सापेक्ष आकलन के सूचक	प्रश्नों का स्तर	
		आरम्भिक स्तर	अग्रिम स्तर
अपेक्षाकृत छोटी चीज़ों को सामने से, साइड से एवं ऊपर से विजुअलाइज कर पाना।		1	2
नज़री नक्शा पढ़ने एवं बनाने की समझ बना पाना।		3	4
दिए गए अंकों से सर्व–सम्भव संख्या बनाना एवं संख्याओं के अनुप्रयोग की समझ बनाना।		5	6
2 से 15 तक पहाड़े लिख व सुना पाना।		7	8
भिन्नों की समझ का उपयोग कर पाना।		9	10
चारों संक्रियाओं की इबारत पढ़ व सुन कर गणितीय रूप में लिख कर हल कर पाना।		11	12

मौखिक आकलन टूल एवं उसके उत्तरों के विश्लेषण की प्रक्रिया

4

प्रस्तावना :

बच्चों की बुनियादी क्षमताओं पर सम्पूर्ण समझ का आकलन करने के दृष्टिकोण से मौखिक व लिखित दोनों तरीकों से आकलन करना आवश्यक है। इस पाठ में कक्षा 2 से 5 तक के बच्चों का बुनियादी अवधारणाओं एवं कौशलों पर आधारित आकलन के टूल को संगठित किया गया है तथा इस टूल के सापेक्ष कक्षावार बच्चों के उत्तरों की संभावित स्थिति क्या हो सकती है उसका विश्लेषण किया गया है।

गतिविधि–1 : शिक्षक बच्चों के समक्ष कुछ चीज़ें जैसे बोतल, पासा, शंकु, बेलन, ज्यामिति बॉक्स, डस्टर, कंचा, गेंद और प्रिज्म आदि के तीन–चार सैट रखें तथा बच्चों से नीचे दिए कक्षा के स्तरानुसार प्रश्न पूछें –

कक्षा–2 : बच्चों से चीज़ों को उनके आकार के आधार पर वर्गीकरण करवाना।

ग्रेड	स्तर निर्धारण के आधार
A	पूछी गई 3 या 4 तरह की चीज़ों का वर्गीकरण पर
B	पूछी गई 2 तरह की चीज़ों का वर्गीकरण पर
C	पूछी गई कोई 1 तरह की चीज़ को अलग करने पर
NA	पूछी गई सभी चीज़ों का गलत करने एवं हल नहीं करने पर

कक्षा–3 : बच्चों से चीज़ों को ट्रेस करने पर मिलने वाली द्विविमीय आकृतियों से मिलान करना व ट्रेस करवाना।

ग्रेड	स्तर निर्धारण के आधार
A	पूछी गई 3 या 4 आकृतियों का सही मिलान करने व ट्रेस करने पर
B	पूछी गई 2 आकृतियों का सही मिलान करने व ट्रेस करने पर
C	पूछी गई 1 आकृति का सही मिलान करने व ट्रेस करने पर
NA	पूछी गई सभी चीज़ों का गलत करने एवं हल नहीं करने पर

कक्षा–4 : बच्चों से दी गई चीज़ों को अलग–अलग दिशा से विजुअलाइज़ करवाना।

ग्रेड	स्तर निर्धारण के आधार
A	पूछी गई 3 या 4 आकृतियों को सही विजुअलाइज़ करने पर
B	पूछी गई 2 आकृतियों को सही विजुअलाइज़ करने पर
C	पूछी गई 1 आकृतियों को सही विजुअलाइज़ करने पर
NA	पूछी गई सभी चीज़ों का गलत करने एवं हल नहीं करने पर

कक्षा–5 : बस स्टैण्ड के नज़री नक्शे में चीज़ों की सापेक्ष स्थिति बताना व नज़री नक्शा बनवाना।

ग्रेड	स्तर निर्धारण के आधार
A	पूछी गई आकृतियों में से 3 या 4 आकृतियों की स्थिति सही बताने पर
B	पूछी गई आकृतियों में से 2 आकृतियों की स्थिति सही बताने पर
C	पूछी गई आकृतियों में से 1 आकृति की स्थिति सही बताने पर
NA	पूछी गई सभी चीज़ों का गलत करने एवं हल नहीं करने पर

संख्या ज्ञान एवं संक्रियाओं की समझ की जांच पर आधारित

गतिविधि–2 : शिक्षक नीचे दिए हुए संख्या चार्ट को बच्चों को दिखाएं और स्तानुसार बच्चों से संख्याएं पढ़वाएं–

संख्या चार्ट

8	**15**	**27**	**48**	**72**	**54**	**45**	**769**
80	**29**	**84**	**31**	**13**	**505**	**89**	**679**
92	**98**	**36**	**63**	**307**	**3700**	**307**	**19**
999	**5895**	**989**	**74**	**47**	**75**	**57**	**169**
354	**534**	**205**	**360**	**79**	**3027**	**370**	**51**
56	**65**	**269**	**555**	**549**	**81**	**532**	**1403**
345	**435**	**5439**	**7**	**37**	**73**	**10**	**207**
539	**700**	**707**	**770**	**2385**	**549**	**594**	**230**

कक्षा –2 : शिक्षक प्रत्येक बच्चे से 50 से कम चार्ट में दी गई कोई 4 या 5 संख्याएं पढ़वाएं।

ग्रेड	स्तर निर्धारण के आधार
A	पूछी गई संख्याओं में से कोई 4 या 5 संख्याएँ सही–सही पढ़ने पर
B	पूछी गई संख्याओं में से कोई 2 या 3 संख्याएँ सही–सही पढ़ने पर
C	पूछी गई संख्याओं में से कोई एक संख्या सही–सही पढ़ने पर
NA	पूछी गई सभी संख्याओं को गलत पढ़ने एवं नहीं पढ़ने पर

कक्षा–3 : शिक्षक प्रत्येक बच्चे से 51 से 100 तक चार्ट में दी गई कोई 4 या 5 संख्याएं पढ़वाएं।

ग्रेड	स्तर निर्धारण के आधार
A	पूछी गई संख्याओं में से कोई 4 या 5 संख्याएँ सही–सही पढ़ने पर
B	पूछी गई संख्याओं में से कोई 2 या 3 संख्याएँ सही–सही पढ़ने पर
C	पूछी गई संख्याओं में से कोई एक संख्या सही–सही पढ़ने पर
NA	पूछी गई सभी संख्याओं को गलत पढ़ने एवं नहीं पढ़ने पर

कक्षा–4 : शिक्षक प्रत्येक बच्चे से 101 से 999 तक चार्ट में दी गई कोई 4 या 5 संख्याएं पढवाएं।

ग्रेड	स्तर निर्धारण के आधार
A	पूछी गई संख्याओं में से कोई 4 या 5 संख्याएं सही–सही पढ़ने पर
B	पूछी गई संख्याओं में से कोई 2 या 3 संख्याएं सही–सही पढ़ने पर
C	पूछी गई संख्याओं में से कोई एक संख्या सही–सही पढ़ने पर
NA	पूछी गई सभी संख्याओं को गलत पढ़ने एवं नहीं पढ़ने पर

कक्षा–5 : शिक्षक प्रत्येक बच्चे से 4 अंकों की संख्याएं पढ़वाएं तथा नीचे दिये अनुसार ग्रेडिंग करें।

ग्रेड	स्तर निर्धारण के आधार
A	पूछी गई संख्याओं में से कोई 4 या 5 संख्याएं सही–सही पढ़ने पर
B	पूछी गई संख्याओं में से कोई 2 या 3 संख्याएं सही–सही पढ़ने पर
C	पूछी गई संख्याओं में से कोई एक संख्या सही–सही पढ़ने पर
NA	पूछी गई सभी संख्याओं को गलत पढ़ने एवं नहीं पढ़ने पर

गतिविधि–3 : शिक्षक प्रत्येक बच्चे से एक–एक कर गिनती व पहाड़े सुनें।

कक्षा–2 : शिक्षक बच्चों को 50 तक मौखिक गिनती सुनाने को कहें –

ग्रेड	स्तर निर्धारण के अनुसार
A	किसी भी संख्या से शुरुआत करने पर बिना अटके 50 तक गिनती सुनाने पर
B	किसी भी संख्या से शुरुआत करने पर उन वाली संख्याओं (उन्चास, उन्तालीस) के लिए अटक–अटक कर 50 तक गिनती सुनाने पर
C	केवल क्रम से 50 तक बिना अटके गिनती सुनाने पर
NA	केवल क्रम से 20 तक अटक–अटक कर गिनती सुनाने एवं नहीं सुनाने पर

कक्षा–3 : शिक्षक बच्चों को 100 तक मौखिक गिनती सुनाने को कहें –

ग्रेड	स्तर निर्धारण के आधार
A	किसी भी संख्या से शुरुआत करने पर बिना अटके 100 तक गिनती सुनाने पर
B	किसी भी संख्या से शुरुआत करने पर उन वाली संख्याओं (उन्चास, उन्हत्तर) के लिए अटक–अटक कर 100 तक गिनती सुनाने पर
C	केवल क्रम से 100 तक बिना अटके गिनती सुनाने पर
NA	केवल क्रम से 50 तक अटक–अटक कर गिनती सुनाने एवं नहीं सुनाने पर

कक्षा–4 : शिक्षक प्रत्येक बच्चे से 2 से 10 तक पहाड़े मौखिक सुनें –

ग्रेड	स्तर निर्धारण के आधार
A	6 से 9 के पहाड़ों में से कोई पहाड़ा बिना अटके मौखिक सुनाने पर
B	2 से 5 तक के पहाड़ों में से कोई पहाड़ा बिना अटके मौखिक सुनाने पर
C	2 से 5 तक के पहाड़ों में से कोई पहाड़ा अटक–अटक कर मौखिक सुनाने पर
NA	कोई भी पहाड़ा नहीं सुनाने पर

कक्षा–5 : शिक्षक प्रत्येक बच्चे से 2 से 20 तक पहाड़े स्तरानुसार पूछे एवं नीचे दिये अनुसार ग्रेडिंग करें।

ग्रेड	स्तर निर्धारण के आधार
A	16 से 20 के पहाड़ों में से कोई पहाड़ा बिना अटके मौखिक सुनाने पर
B	11 से 15 तक के पहाड़ों में से कोई पहाड़ा बिना अटके मौखिक सुनाने पर
C	2 से 10 तक के पहाड़ों में से कोई पहाड़ा अटक–अटक कर मौखिक सुनाने पर
NA	कोई भी पहाड़ा नहीं सुनाने पर

गतिविधि–4 : शिक्षक प्रत्येक बच्चे को नीचे दी हुई गतिविधि करवाएं जिसमें बच्चा दो पासों को उछालेगा और शिक्षक स्तरानुसार बच्चों से प्रश्न करेगा।

कक्षा–2 : शिक्षक बच्चों से जोड़–घटाव पर आधारित एक अंक में एक अंक के जोड़–घटाव की एकल (SINGLE) संक्रिया वाले सवाल पूछें –

ग्रेड	स्तर निर्धारण के आधार
A	एक अंक में एक अंक के जोड़ और घटाने पर आधारित लगभग सभी समस्याओं को हल करने पर
B	उक्त दोनों तरह की समस्याओं में से केवल जोड़ की सभी समस्याओं को सही हल करने एवं घटाव की लगभग आधी समस्याओं को हल करने पर
C	उक्त दोनों तरह की समस्याओं में से लगभग आधी समस्याओं को सही हल करने पर
NA	दोनों तरह की समस्याओं को सही हल नहीं करने पर

कक्षा–3 : शिक्षक बच्चों से जोड़–घटाव पर आधारित दो अंक में दो अंक के जोड़–घटाव की एकल (SINGLE) संक्रिया वाले सवाल पूछें –

ग्रेड	स्तर निर्धारण के आधार
A	दो अंक में दो अंक के जोड़ और घटाने पर आधारित लगभग सभी समस्याओं को हल करने पर
B	उक्त दोनों तरह की समस्याओं में से केवल जोड़ की सभी समस्याओं को सही हल करने एवं घटाव की लगभग आधी समस्याओं को हल करने पर
C	उक्त दोनों तरह की समस्याओं में से लगभग आधी समस्याओं को सही हल करने पर
NA	दोनों तरह की समस्याओं को सही हल नहीं करने पर

कक्षा–4 : शिक्षक बच्चों से पासों पर आए अंकों के गुणा पर आधारित सवाल पूछें –

ग्रेड	स्तर निर्धारण के आधार
A	सभी सवालों के सही जवाब देने पर
B	लगभग आधे या आधे से अधिक प्रश्नों के सही जवाब देने पर
C	आधे से कम सवालों के सही जवाब देने पर
NA	सभी के गलत जवाब देने या जवाब नहीं देने पर

कक्षा–5 : शिक्षक बच्चों से पासों पर आए अंकों से बनी संख्या बनवाएं एवं उनमें से कौन–कौनसी संख्या 2, 3, 4 आदि की गुणज एवं साझा गुणज है इस पर चर्चा करना।

ग्रेड	स्तर निर्धारण के आधार
A	2, 3 व 4 तीनों अंकों के गुणज व साझा गुणज बताने पर
B	2 व 3 दोनों अंकों के गुणज व साझा गुणज बताने पर
C	केवल 2 के गुणज बताने पर
NA	किसी का भी गुणज नहीं बताने पर

गतिविधि–5 : शिक्षक बच्चों से ठोस चीज़ों, चित्रों व संख्याओं के पैटर्न बनवाएं।

कक्षा–2 : पत्ती, तीली व कंकड़ से बने पैटर्न को खोजकर आगे बढ़ाना।

ग्रेड	स्तर निर्धारण के आधार
A	1 तीली 1 पत्ती 1 कंकड़, 1 तीली 1 पत्ती 1 कंकड़, ... से बने सरल पैटर्न को समझ के साथ आगे बढ़ाने पर।
B	1 तीली 2 कंकड़, 1 तीली 2 कंकड़, ... से बने सरल पैटर्न को समझ के साथ आगे बढ़ाने पर।
C	1 तीली 1 कंकड़, 1 तीली 1 कंकड़, ... से बने सरल पैटर्न को समझ के साथ आगे बढ़ान पर।
D	पैटर्न को खोज नहीं पाने पर।

कक्षा–3: ज्यामितीय आकृतियों से बने पैटर्न को खोजकर आगे बढ़ा पाना।

ग्रेड	स्तर निर्धारण के आधार
A	तीन द्विविमीय आकृतियों के संख्यात्मक पैटर्न को समझ के साथ आगे बढ़ाने पर।
B	तीन द्विविमीय आकृतियों से बने सरल मिश्रित पैटर्न को आगे बढ़ाने पर।
C	दो द्विविमीय आकृतियों से बने सरल मिश्रित पैटर्न को आगे बढ़ाने पर।
NA	पैटर्न को खोज नहीं पाने पर।

कक्षा–4 : संख्याओं से बने पैटर्न को खोजकर आगे बढ़ाना। जैसे– संख्या रेखा पर कूद लगाते हुए जाना।

ग्रेड	स्तर निर्धारण के आधार
A	संख्याओं के बीच 2, 3, 4, 5, ... 10 अंतर होने पर पैटर्न को समझ के साथ आगे बढ़ाने पर।
B	सम व विषम संख्याओं के पैटर्न को समझ के साथ आगे बढ़ाने पर।
C	123, 123, ... आदि प्रकार के पैटर्न समझ के साथ आगे बढ़ाने पर।
NA	पैटर्न को खोज नहीं पाने पर।

कक्षा–5 : संख्या चार्ट एवं कैलेण्डर में आई संख्याओं से 2 x 2, 3 x 3, 4 x 4 आदि की वर्ग पहेलियों के पैटर्न ढुंढवाना।

ग्रेड	स्तर निर्धारण के आधार
A	2 x 2, 3 x 3, 4 x 4 आदि पहेलियों के पैटर्न सही–सही खोजने पर।
B	2 x 2 एवं 3 x 3 की पहेली के पैटर्न सही–सही खोजने पर।
C	2 x 2 की पहेली के पैटर्न सही–सही खोजने पर।
NA	पैटर्न को खोज नहीं पाने पर।

लर्निंग लेवल (समर्थन–पूर्व) एवं लर्निंग आउटकम (समर्थन उपरांत) आकलन पत्रक

5

प्रस्तावना :

पूर्व में दिए गए ब्ल्यू प्रिंट के आधार पर लिखित आकलन हेतु टूल का निर्धारण आगामी पृष्ठों पर दिए गए टूल के अनुसार किया जा सकता है। ये टूल नमूने के तौर पर हैं। इनके समकक्ष अन्य टूल लेकर भी बच्चों के स्तरों का पता लगाया जा सकता है। इन टूल्स पर काम करवाने के दौरान सबसे पहले इस बात को ध्यान में रखना आवश्यक है कि कक्षा 2 व 3 के बच्चों को प्रश्नों को पढ़कर सुनाया जाए।

दूसरी बात यह ध्यान रखना आवश्यक है कि हम बच्चों के वास्तविक अधिगम स्तर को पता करना चाहते हैं अतः बच्चों के आकलन में पारदर्शिता हो तथा आपस में एक–दूसरे की नकल करने तथा बच्चों को हल बताने पर रोक लगाई जाए।

तीसरी यह बात भी ध्यान रखना जरूरी है कि बच्चों को पूरा प्रश्न पत्र हल करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाए।

यहाँ पर तीन तरह के टूल के नमूने दिए जा रहे हैं। इनकी उपयोगिता एवं काम में लेने की प्रक्रिया नीचे दिए अनुसार रहेगी –

- **स्तर निर्धारण/आकलन हेतु मौखिक टूल की भूमिका :** यूँ तो बच्चों के साथ विगत सत्र में किए गए कार्य एवं अंतिम योगात्मक आकलन के आधार पर भी बच्चे के स्तर को समझा जा सकता है। लेकिन आकलन की वैधता के दृष्टिकोण से बच्चों का पुनः स्तर निर्धारण लम्बे विद्यालय अवकाश के बाद आवश्यक हो जाता है। इसलिए मौखिक आकलन टूल द्वारा बच्चों के स्तर का सटीक अनुमान लगाकर लिखित आकलन की गतिविधि को संपादित किया जा सकता है।

- **लर्निंग लेवल आकलन पत्रक (समर्थन पूर्व)** : इस टूल का उपयोग काम की शुरुआत में किया जाएगा। यह टूल बच्चों के स्तर निर्धारण में मदद करेगा। जिसके आधार पर यह तय किया जाएगा कि बच्चों को कहाँ–कहाँ पर क्या–क्या समर्थन करना है। ये टूल कक्षा–2 से 5 तक अध्ययनरत बच्चों का अधिगम स्तर पता करने के लिए हैं।

  सर्वप्रथम बच्चों के साथ मौखिक टूल द्वारा आकलन किया जाना चाहिए। इस टूल में यह व्यवस्था है कि बच्चा अगर कक्षा स्तर पर नहीं हैं, तो उसका वास्तविक स्तर क्या है, इसका पता लग जाता है। इसके बाद बच्चों को उनके स्तर के अनुसार आकलन टूल देकर पता किया जा सकता है कि बच्चों का वास्तविक स्तर क्या है।

- **लर्निंग आउटकम आकलन पत्रक (समर्थन उपरांत)** : इस टूल का उपयोग बच्चों के साथ विशेष अधिगम समर्थन सामग्री पर काम करने के उपरान्त यह पता लगाने के लिए किया जाता है कि बच्चों को स्तरानुसार दिए गए समर्थन के उपरान्त उनकी सीखने की स्थिति क्या रही है।

  यह इसलिए भी ज़रूरी है कि क्या बच्चों को उपयुक्त व आवश्यक समर्थन मिल पाया है। यदि ऐसा नहीं हुआ है, तो और अतिरिक्त क्या समर्थन देना चाहिए, जिससे कि बच्चों को अपने स्तर पर आने के लिए प्रयास किए जा सकें।

स्टेट इनिशिएटिव फॉर क्वालिटि एज्यूकेशन–राजस्थान **विशेष अधिगम समर्थन सामग्री**

कक्षा : 2 (कक्षा–1 की बुनियादी क्षमताओं पर आधारित)

शाला का नाम : ..... रोल नं. : .....

विद्यार्थी का नाम : ..... दिनांक : .....

(अ) आकृति एवं स्थान की समझ

1. एक जैसी आकृतियों का मिलान कीजिए –



2. नीचे दिए गए चित्र में से आकृतियों को पहचान कर उनकी संख्या लिखिए –



= .....

= .....

= .....

= .....



(ब) संख्या ज्ञान की समझ

3. सारणी पूरी कीजिए –

13	.....	.....	16	.....	.....	.....	20	.....	.....	.....	.....	25
.....	.....	.....	.....	.....	31	.....	.....	.....	.....	.....	.....	.....
.....	40	.....	.....	.....	.....	.....	46	.....	.....	.....	.....	.....

4. संख्या पढ़िए और उतने ही चित्र/घेरे बनाइए –

46

(स) संक्रियाओं की समझ

5. हल कीजिए –

(अ) 8 + 6 = ☐ (ब) 5 + 0 = ☐ (ब) 8 − 2 = ☐ (स) 6 − 0 = ☐

6. कौन–कौन सी संख्याओं का जोड़ 12 होगा –

6	+	.....		12	+	0
	↘			↙		
.....	+	.....	→ = 12 = ←	.....	+	.....
	↗			↖		
8	+	4		.....	+	5

(द) पैटर्न की समझ

7. इसी क्रम में आगे बनाइए –

V	Λ	V	Λ	.....	.....	.....

8. नीचे दिए गए पैटर्न को आगे बढ़ाइए –



....

(य) समस्या समाधान की समझ

9. खाली बॉक्स में सही संख्या लिखिए –

(अ) 10 − ☐ = 3 (ब) ☐ + 2 = 6 (स) ☐ + ☐ = 8

10. साँप को चूहे तक सही रास्ते से पहुँचाइए –



(र) दैनिक जीवन में अनुप्रयोग की समझ

11. दिनचर्या के कार्यों को सही क्रम दीजिए –

12. (अ) एक बाग में 9 आम के पेड़ और 7 संतरे के पेड़ हैं। बाग में कुल कितने पेड़ हैं ?

(ब) एक पेड़ पर 10 चिड़ियायाँ बैठी हैं। उनमें से 7 चिड़ियाँ उड़ गईं। बताइए पेड़ पर कितनी चिड़ियाँ बचीं?

बच्चे की समझ का विश्लेषण

प्रश्न क्रमांक	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
ग्रेड												
समस्या की पहचान (तथ्यात्मक ज्ञान)												
अवधारणा की समझ (अवधारणात्मक ज्ञान)												
समस्या समाधान की प्रक्रिया (प्रक्रियात्मक ज्ञान)												

शिक्षक टिप्पणी .....

.....

.....

.....

.....

शिक्षक का नाम एवं हस्ताक्षर दिनांक : .....

स्टेट इनिशिएटिव फॉर क्वालिटि एज्यूकेशन–राजस्थान **विशेष अधिगम समर्थन सामग्री**

कक्षा : 3 (कक्षा–2 की बुनियादी क्षमताओं पर आधारित)

शाला का नाम : ..... रोल नं. : .....

विद्यार्थी का नाम : ..... दिनांक : .....

(अ) आकृति एवं स्थान की समझ

1. 

को ट्रेस करने पर कौनसी आकृति बनेगी ? उस पर सही का निशान लगाइए –

(अ) (ब) (स)  (द)

2. नीचे दिए गए चित्र में एक जैसी आकृतियों को पहचान कर उनकी संख्या लिखिए –

= .....

= .....

= .....

= .....



(ब) संख्या ज्ञान की समझ

3. दिए गए नोटों व सिक्कों को मिलाकर कुल कितने रुपये होंगे ? उनकी राशि लिखिए –

.....

4. नीचे दिए गए संख्या समूह को बढ़ते क्रम में लिखिए –

28	57	13	89

.....	.....	.....	.....

(स) संक्रियाओं की समझ

5. हल कीजिए –

(अ) 2 4
+ 3 3
_____
_____

(ब) 2 6
+ 7
_____
_____

(स) 6 8
− 3 6
_____
_____

(द) 2 8
− 7
_____
_____

6. जोड़िए, घटाइए एवं समान संख्याओं का मिलान कीजिए –

20 + 5	=	.....	28 − 12	=	.....
42 − 8	=	.....	48 + 5	=	.....
53			24 + 10	=	.....
16			25		

(द) पैटर्न की समझ

7. इसी क्रम में आगे बनाइए –



8. पैटर्न को पूरा कीजिए –

3 , 5 , 7 , 9 , 11 , ... , ... , ...

(य) समस्या समाधान की समझ

9. कौन–कौनसी संख्याओं का घटाव 30 होगा? खाली बॉक्स में लिखिए –

(अ) [.....] – [5] = [30] (ब) [40] – [.....] = [30]

(स) [.....] – [.....] = [30] (द) [.....] – [.....] = [30]

10. एक छिपकली एक बिल से दूसरे बिल की ओर बढ़ती है। वह जैसे–जैसे आगे बढ़ती है, बिल में छिपे कीड़ों को खाती है। छिपकली चित्र में दर्शाए रास्तों पर ही चलती है –



(अ) 9 कीड़े खाने के लिए छिपकली कौनसा रास्ता लेगी ?

[ ] + [ ] + [ ] = [9]

(ब) 11 कीड़े खाने के लिए छिपकली कौनसा रास्ता लेगी ?

[ ] + [ ] + [ ] = [11]

(स) 20 कीड़े खाने के लिए छिपकली कौनसा रास्ता लेगी ?

[ ] + [ ] + [ ] + [ ] = [20]

(र) दैनिक जीवन में अनुप्रयोग की समझ

11. एक विद्यालय की एक कक्षा में 27 छात्र व 22 छात्राएँ हैं। कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं ?

12. घड़ी में समय पढ़कर बताइए –



(अ) 2:25 (ब) 1:35

(स) 1:40 (द) 3:35 ( )

बच्चे की समझ का विश्लेषण

प्रश्न क्रमांक	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
ग्रेड												
समस्या की पहचान (तथ्यात्मक ज्ञान)												
अवधारणा की समझ (अवधारणात्मक ज्ञान)												
समस्या समाधान की प्रक्रिया (प्रक्रियात्मक ज्ञान)												

शिक्षक टिप्पणी .....

.....

.....

.....

.....

शिक्षक का नाम एवं हस्ताक्षर दिनांक : .....

स्टेट इनिशिएटिव फॉर क्वालिटि एज्यूकेशन–राजस्थान **विशेष अधिगम समर्थन सामग्री**

कक्षा : 4 (कक्षा–3 की बुनियादी क्षमताओं पर आधारित)

शाला का नाम : ..... रोल नं. : .....

विद्यार्थी का नाम : ..... दिनांक : .....

(अ) आकृति एवं स्थान की समझ

1. इनमें से कौन–सा चित्र ईंट का है। उस पर (✓) का निशान लागाइए –



2. चित्र बनाकर बताइए कि ये चीज़ें ऊपर से देखने पर कैसी दिखेंगी ?



(ब) संख्या ज्ञान की समझ

3. निम्न संख्याओं को शब्दों में लिखिए –

(अ) 582 = ...

(ब) 908 = ...

(स) 550 = ...

4. इकाई = (1) , दहाई = (10) व सैंकड़ा = [100] हो तो निम्न चित्र प्रतीकों से बनने वाली संख्या होगी ?

(अ) [100] [100] [100] (10) (10) (10) (10) (10) (1) (1) (1) (1) (1) (1) (1) (1) [ ]

(ब) [100] [100] (10) (10) (1) (1) (1) (1) (1) (1) (1) (1) (1) (1) (1) (1) (1) [ ]

(स) [100] [100] [100] (10) (10) (10) (10) (10) (10) (10) (10) (10) (10) (10) [ ]

(स) संक्रियाओं की समझ

5. हल कीजिए –

(अ) 35 + 45 = _____ _____

(ब) 47 + 38 = _____ _____

(स) 43 − 16 = _____ _____

(द) 60 − 28 = _____ _____

6. बार–बार के जोड़ को गुणा के रूप में व्यक्त कीजिए –

(अ) 4 + 4 + 4 + 4 + 4 = [5] × [ ] = [ ]

(ब) 7 + 7 + 7 + 7 + 7 = [ ] × [7] = [ ]

(स) 9 + 9 + 9 + 9 + 9 = [ ] × [ ] = [45]

(द) पैटर्न की समझ

7. पैटर्न को समझ कर बताइए कि अगले खाने में कितने त्रिभुज आएंगे ?

△	△ △△	△△ △△△	.....

(अ) 8 (ब) 9 (स) 7 (द) 10 ( )

8. निम्न संख्याओं में से सम संख्याओं पर घेरा लगाइए –

15	30	45	20	44	65	68	70	69
75	79	87	82	109	218	125	399	77
64	48	25	27	52	71	59	83	8

(य) समस्या समाधान की समझ

9. कपिल ने 38 रन बनाए, यदि उसे अपना अर्द्धशतक पूरा करना हो तो और कितने रन चाहिए ?

(अ) 12 (ब) 21 (स) 26 (द) 62 ( )

10. 1, 2 व 5 रुपये के सिक्कों से 10 रुपये की राशि का भुगतान तीन अलग–अलग तरीकों से कीजिए।

पहला तरीका	दूसरा तरीका	तीसरा तरीका

(र) दैनिक जीवन में अनुप्रयोग की समझ

11. साक्षी के पास 33 बेर थे। उसने 15 बेर खा लिए तो साक्षी के पास कितने बेर शेष बचे ?

	द.	इ.

12. नीचे लिखे अपनी दैनिक गतिविधियों के समय को घड़ी में सुई बनाकर दर्शाइए –

(अ) सुबह जागना

6:00 बजे



(ब) स्कूल जाना

8:30 बजे



(स) रात्रि को सोना

9:45 बजे



बच्चे की समझ का विश्लेषण

प्रश्न क्रमांक	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
ग्रेड												
समस्या की पहचान (तथ्यात्मक ज्ञान)												
अवधारणा की समझ (अवधारणात्मक ज्ञान)												
समस्या समाधान की प्रक्रिया (प्रक्रियात्मक ज्ञान)												

शिक्षक टिप्पणी .....

.....

.....

.....

.....

शिक्षक का नाम एवं हस्ताक्षर

दिनांक : .....

स्टेट इनिशिएटिव फॉर क्वालिटि एज्यूकेशन–राजस्थान **विशेष अधिगम समर्थन सामग्री**

कक्षा : 5 (कक्षा–4 की बुनियादी क्षमताओं पर आधारित)

शाला का नाम : ..... रोल नं. : .....

विद्यार्थी का नाम : ..... दिनांक : .....

(अ) आकृति एवं स्थान की समझ

1. 

की आकृति में कितने कोने होते हैं ? सही उत्तर को चुनिए –

(अ) 8 (ब) 4 (स) 7 (द) 12 ( )

2. घन, घनाभ एवं बेलन जैसी दिखाई देने वाली तीन–तीन परिवेशीय चीजों के नाम लिखिए –

घन	घनाभ	बेलन
.....	.....	.....
.....	.....	.....
.....	.....	.....

(ब) संख्या ज्ञान की समझ

3. नीचे दी गई संख्याओं को बढ़ते क्रम में जमाकर लिखिए –

2485 3674 4085 3000

बढ़ता क्रम

....

4. दी गई आकृतियों के उतने ही भाग में रंग भरिए जितना उसके नीचे लिखा हुआ है –

			
$\frac{1}{2}$	$\frac{3}{4}$	$\frac{1}{4}$	$\frac{3}{4}$

(स) संक्रियाओं की समझ

5. निम्नलिखित को हल कीजिए –

(अ) 3 6 5 6
+ 2 2 4 3
_____

(ब) 4 6 8 7
− 2 3 4 5
_____

(स) 3 4 3 5
+ 2 6 9 6
_____

(द) 8 0 0
− 4 7 9
_____

6. निम्नलिखित को हल कीजिए –

(अ) 345 × 5 _____

(ब) 636 × 24 _____

(स) 3) 3 4 5 (

(द) 13) 3 2 5 (

(द) पैटर्न की समझ

7. नीचे दी गई संख्याओं में से 2 के पहाड़े में आने वाली संख्याओं को गोल घेरा, 3 के पहाड़े में आने वाली संख्याओं को वर्ग द्वारा एवं 4 के पहाड़े में आने वाली संख्याओं को त्रिभुज बनाकर घेरा कीजिए –

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
11	12	13	14	15	16	17	18	19	20
21	22	23	24	25	26	27	28	29	30
31	32	33	34	35	36	37	38	39	40
41	42	43	44	45	46	47	48	49	50
51	52	53	54	55	56	57	58	59	60

8. संख्याओं को जोड़ते हुए पैटर्न को पूरा कीजिए –



(य) समस्या समाधान की समझ

9. 7 लीटर दूध से आधा लीटर वाली कितनी बोतलें भरी जा सकती है?

(अ) 15 (ब) 18 (स) 14 (द) 7 ( )

10. सोनू को 500 रुपये के खुल्ले चाहिए –

उसे कितने नोट मिलेंगे यदि वह

(अ) सभी 100 रुपये के नोट चाहे तो = ...

(ब) सभी 50 रुपये के नोट चाहे तो = ...

(स) सभी 20 रुपये के नोट चाहे तो = ...

(द) सभी 5 रुपये के नोट चाहे तो = ...

(र) दैनिक जीवन में अनुप्रयोग की समझ

11. तालिका के आधार पर सवालों को हल कीजिए –

(अ) एक किलो टमाटर की कीमत कितनी होगी ?

.....

(ब) 5 किलो आलू की कीमत कितनी होगी ?

.....

(स) 2 किलो प्याज और 3 किलो गाजर का मूल्य कितना होगा ?

.....

वस्तु	भाव रुपये प्रति किलो
टमाटर	28 रुपये
आलू	12 रुपये
प्याज	10 रुपये
गाजर	16 रुपये

12. मोहन ने 50 रुपये का तौलिया और 135 रुपये की एक शर्ट खरीदी, यदि वह दुकानदार को 5–5 रुपये के सिक्कों में भुगतान करता है, तो बताइए उसने दुकानदार को कितने सिक्के दिए ?

बच्चे की समझ का विश्लेषण

प्रश्न क्रमांक	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
ग्रेड												
समस्या की पहचान (तथ्यात्मक ज्ञान)												
अवधारणा की समझ (अवधारणात्मक ज्ञान)												
समस्या समाधान की प्रक्रिया (प्रक्रियात्मक ज्ञान)												

शिक्षक टिप्पणी .....

.....

.....

.....

.....

शिक्षक का नाम एवं हस्ताक्षर दिनांक : .....

स्टेट इनिशिएटिव फॉर क्वालिटि एज्यूकेशन–राजस्थान **विशेष अधिगम समर्थन सामग्री**

कक्षा : 2 (कक्षा–1 की बुनियादी क्षमताओं पर आधारित)

शाला का नाम : ..... रोल नं. : .....

विद्यार्थी का नाम : ..... दिनांक : .....

(अ) आकृति एवं स्थान की समझ

1. वस्तुओं में दिखने वाली आकृति से मिलान कीजिए –



2 नीचे दिये गये चित्र में एक जैसी आकृतियों को ढूँढ़कर उनकी संख्या लिखिए–



(ब) संख्या ज्ञान की समझ

3. क्रम में छूटी हुई संख्याएँ लिखिए –

4			7			10	
	13						

4. बड़ी संख्या पर घेरा बनाइए –

4 , 9	15 , 13	19 , 14
8 , 10	20 , 18	14 , 17

(स) संक्रियाओं की समझ

